हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 6 सितंबर 2026

04 आज सीहोर में मटकी फोड़ का महासंग्राम, गूंजेगा...



09 5 राज्यों में चोरियां करने वाली बागरिया गैंग के...



खबर संक्षेप

पंडित प्रदीप मिश्रा बोले जैसा कर्म करेंगे, वैसा ही फल मिलेगा

सीहोर। जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पांच दिवसीय हरतालिका तीज श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कर्म के अटल सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को जीवन में अच्छे कर्म करने का संदेश दिया। वहीं धाम परिसर स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित राधा नाम संकीर्तन में हजारों श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कहा कि इस सृष्टि में कर्म के विधान से कोई भी अछूता नहीं है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान ने भी धरती पर अवतार लिया तो उन्होंने भी मानवीय मर्यादाओं और कर्म के परिणामों का सामना किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने अच्छे और बुरे कर्मों का फल स्वयं ही भुगतना पड़ता है। इसलिए जीवन में सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए। पं. मिश्रा ने कहा कि कर्म का सिद्धांत अटल है। मनुष्य अपने जीवन में जैसा कर्म करता है, उसे उसी के अनुरूप परिणाम प्राप्त होते हैं। परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति को अपने कर्मों से विमुख नहीं होना चाहिए। भगवान की भक्ति के साथ जीवन में सेवा, सदाचार और अच्छे आचरण को अपनाना भी आवश्यक है। केवल भगवान का नाम लेना ही नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और कर्मों के माध्यम से भी धार्मिक मूल्यों को जीवन में उतारना चाहिए।

24 घंटे में 25.6 मिमी बारिश, सीहोर में सबसे ज्यादा बरसा पानी, जावर में सबसे कम, नर्मदा नदी खतरे के निशान पर

झमाझम बारिश: जमोनिया तालाब छलकने की कगार पर, सोयाबीन-धान को मिली राहत

13 गेटों से छोड़ा गया 3,802 क्यूमेक पानी जिला प्रशासन अलर्ट, डोंडी पिटवाकर किया जा रहा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटों से जारी तेज बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। शहर की जलापूर्ति के प्रमुख स्रोत जमोनिया तालाब में तेजी से पानी की आवक हुई है और जलस्तर 28 फीट तक पहुंच गया है। तालाब अब छलकने की कगार पर खड़ा है। दूसरी ओर खेतों में पहुंची बारिश ने सोयाबीन और धान की फसलों को राहत दी है।

जमोनिया तालाब पर प्रशासन की नजर छलकने की स्थिति करीब

लगातार बारिश के चलते जमोनिया तालाब का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। 28 फीट पानी पहुंचने के बाद अब तालाब के छलकने की स्थिति पर निगरानी बढ़ा दी गई है। तालाब का भरना सीहोर शहर की जल सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में शहर के पेयजल संकट की आशंका काफी हद तक कम हो सकती है।

24 घंटे में 25.6 मिमी बारिश, सीहोर में सबसे ज्यादा बरसा पानी

भू-अभिलेख विभाग के दैनिक वर्षा आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जिले में औसतन 25.6 मिमी बारिश दर्ज की गई।

सीहोर शहर में सबसे अधिक 53 मिमी पानी बरसा। श्यामपुर में 35 मिमी, इछावर में 26 मिमी, जावर और बुधनी में 25-25 मिमी, रेहटी में 19.4 मिमी, आष्टा में 14 मिमी और भैरुंदा में 7 मिमी बारिश दर्ज हुई।



सीहोर की सीजनल बारिश 1000 मिमी के पार

बारिश के इस दौर के साथ सीहोर तहसील ने इस सीजन में पहली बार 1000 मिमी का आंकड़ा पार कर लिया है। अब तक 1017.3 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। तहसील का सामान्य औसत 1148.4 मिमी है। यानी सामान्य औसत से अब अंतर तेजी से कम हो रहा है।

जावर सबसे पीछे, जिले में औसत बारिश 797.6 मिमी

जिले में बारिश का वितरण हालांकि अभी समान नहीं है। जावर तहसील में अब तक सिर्फ 593 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो जिले में सबसे कम है। पूरे जिले में 1 जून से अब तक औसत 797.6 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 922.2 मिमी बारिश हुई थी। इस लिहाज से इस बार बारिश करीब 125 मिमी पीछे है।

जलभराव : निचले इलाकों में प्रशासन अलर्ट

बारिश राहत के साथ चुनौती भी लेकर आई है। सीहोर शहर के कई निचले इलाकों और प्रमुख बाजारों में जलभराव की स्थिति बनी। लोगों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन ने निचले क्षेत्रों, नदी-नालों और जलभराव वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

उफनते नदी-नालों से दूरी की सख्त हिदायत

कलेक्टर बाला गुरु के ने नागरिकों से अपील की है कि जलभराव वाले मार्गों, पुल-पुलियाओं तथा उफनते नदी-नालों के समीप जाने से बचें। बारिश के दौरान किसी भी जोखिम वाले स्थान पर अनावश्यक आवाजाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासनिक अमला स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई के लिए अलर्ट मोड पर है।

बरगी बांध का पानी 320 किमी का सफर तय कर पहुंचा बुधनी, नर्मदा का जलस्तर 8 फीट तक बढ़ने की आशंका

सीहोर। जबलपुर स्थित बरगी बांध के लबालब होने के बाद छोड़े गए पानी की धार नर्मदा नदी के रास्ते 320 किलोमीटर का लंबा सफर तय कर जिले के बुधनी-भैरुंदा और तटीय क्षेत्रों तक पहुंच गई है। बरगी से पानी को सीहोर जिले की सीमा तक पहुंचने में करीब 36 घंटे का समय लगा है। जलस्तर में अचानक 7 से 8 फीट तक की भारी बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह हाई अलर्ट मोड़ पर आ गया है। भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाह के अनुसार जल स्तर बढने की संभावना को देखते हुए प्रशासनिक अमला मुस्तैद है। नीलकंठ, मंडी, आंबा, बडगांव, सीलकंठ, बाबरी, डिमावर और छीपानेर सहित नर्मदा किनारे बसे सभी निचले और संवेदनशील गांवों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सरपंच, सचिव और कोटवारों को सतर्क कर दिया गया है। कोटवार ढोल बजाकर मुनादी कर रहे हैं, ताकि लोग नदी के घाटों और बहाव क्षेत्र से दूर रहें।

बरगी बांध के 13 गेट खोले गए

बरगी बांध का जलस्तर 422.35 मीटर तक पहुंचने के बाद पानी को नियंत्रित करने के लिए 13 गेट औसतन 1.96 मीटर तक खोले गए हैं, जिनसे 3,802 क्यूमेक पानी लगातार डिस्चार्ज किया जा रहा है। तेज बहाव के कारण नर्मदा का वेग काफी बढ़ गया है और जलस्तर तेजी से ऊपर उठ रहा है।

खेतों में लौटी नमी, सोयाबीन-धान को मिली बड़ी राहत: तेज बारिश से किसानों के चेहरों पर राहत दिखाई दे रही है। खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने से सोयाबीन और धान की फसलों को सीधा लाभ मिलेगा। कृषि क्षेत्र में यह बारिश फसलों की बढ़वार और उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लंबे समय से बारिश की जरूरत महसूस कर रहे किसानों को इस पानी से बड़ी राहत मिली है।



खबर संक्षेप

शाहगंज में 9 सितंबर को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

सीहोर। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 9 सितंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय महाविद्यालय शाहगंज, जिला सीहोर में किया जाएगा। रोजगार मेले में वाल्वो आयशर, इंसप्राश इंजीनियरिंग, बंधन बैंक, भारत एग्रो, एनआईआईटी, पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. भोपाल, एस.बी.आई. क्रेडिट कार्ड, पुष्कल एग्रोटेक लि. भोपाल, फ्रीडम एम्पलायबिलिटी एकेडमी एवं आर.बी.एल. बैंक सहित विभिन्न निजी कंपनियां शामिल होंगी। कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स ऑफिसर, सिविल इंजीनियर, सुपरवाइजर, एचआर, स्टोर इंचार्ज, आईटीआई फिटर, टेली-कॉलर, एसी मैकेनिक, इंग्लिश टीचर, एग्रीकल्चर ऑफिसर सहित विभिन्न पदों पर 1900 से अधिक पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश का अंतिम अवसर

सीहोर। शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में अनुसूचित जाति की छात्राओं के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग (CLC) के अंतर्गत निःशुल्क प्रवेश एवं अन्य छात्राओं के लिए सशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक छात्राएं 14 सितंबर तक रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकती हैं। महाविद्यालय में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राओं के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश के समय छात्राओं को अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। महाविद्यालय प्रबंधन ने पात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कंपकंपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहने एवं हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है।

हनुमान अंश फिल्म के गायक सुनील लोधी देंगे लाइव प्रस्तुति, पं. प्रदीप मिश्रा होंगे मुख्य अतिथि

आज सीहोर में मटकी फोड़ का महासंग्राम, गूंजेगा 'मैं तेरे ही भरोसे हनुमान', महिला टीम होगी शामिल

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में इस बार प्रदेशभर से करीब एक दर्जन टीमें हिस्सा ले रही हैं। ऊंचाई पर टंगी मटकी को फोड़ने के लिए टीमें मानव पिरामिड बनाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







जन्माष्टमी के पावन पर्व पर आज शनिवार शाम 6 बजे सिद्धपुर के मुख्य बस स्टैंड परिसर में सनातनी मटकी फोड़ महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस बार आयोजन को लेकर तैयारियां पिछले 15 दिनों से चल रही हैं और इसे भक्ति, रोमांच और परंपरा के संगम के रूप में भव्य रूप दिया जा रहा है।

मुख्य आयोजक विवेक राठौर अपनी पूरी टीम के साथ विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचे और ग्रामीणों को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। आयोजकों का उद्देश्य जन्माष्टमी को केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामूहिक धार्मिक उत्सव के रूप में मनाना है, जिसमें पूरा सीहोर कृष्णमय हो जाए। इस प्रतियोगिता के दौरान हनुमान अंश फिल्म में मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान भजन के गायक सुनील लोधी भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

एक लाख के इनाम के लिए होगा जोरदार मुकाबला : मटकी फोड़ प्रतियोगिता में इस बार प्रदेशभर से करीब एक दर्जन टीमें हिस्सा ले रही हैं। ऊंचाई पर टंगी मटकी को फोड़ने के लिए टीमें मानव पिरामिड बनाएंगी, जिसमें संतुलन, साहस, ताकत और आपसी तालमेल की कड़ी परीक्षा होगी। विजेता टीम को आकर्षक एक लाख रुपए नकद और भव्य ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जिसके चलते टीमों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

पहली बार महिला टीम बनेगी आकर्षण

इस बार महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण महिला टीम की भागीदारी होगी। आयोजकों के अनुसार पहली बार महिलाएं मटकी फोड़ प्रतियोगिता के मैदान में उतरेंगी। यह टीम भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति के बीच सामूहिक साहस, संतुलन और तालमेल का प्रदर्शन करेगी। महिला टीम के शामिल होने से आयोजन को एक नया और प्रेरणादायक स्वरूप मिलने की उम्मीद है।

भोपाल समेत कई शहरों से आएंगी टीमें

प्रतियोगिता में सीहोर के अलावा भोपाल, बैरसिया, मैना, आमाझिर, रातीबड़ सहित विभिन्न स्थानों की टीमें पंजीयन करा चुकी हैं। वहीं सीहोर नगर के ग्वालटोली की टीम भी पहली बार इतने बड़े आयोजन में हिस्सा लेगी, जिसके लिए युवा खिलाड़ी पिछले कई दिनों से लगातार अभ्यास कर रहे हैं। आने वाले घंटों में कुछ और टीमों के शामिल होने की संभावना है।

विवेक राठौर और प्रिंस राठौर के नेतृत्व में तैयारियां

बजरंग दल के प्रांत टोली सदस्य विवेक राठौर और नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में आयोजन समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। समिति द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए मंच, सजावट, सुरक्षा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

भाषण-कविता से लेकर गीत-नृत्य तक सजी प्रस्तुतियां, विद्यार्थियों ने संभाली आयोजन की कमान, जेवीएम में शिक्षक-शिक्षिकाएं दिखे अलग अंदाज में





भैरूंदा। गुरुजनों के सम्मान और शिष्यों के स्नेह से शनिवार को नगर सहित क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज शिक्षक दिवस के रंग में रंगे नजर आए। भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शासकीय और निजी शिक्षण संस्थानों में दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कहीं भाषण और कविताओं में गुरु की महिमा सुनाई दी तो कहीं गीत-नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह भर दिया। स्कूल-कॉलेज परिसरों में दिनभर शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता का माहौल बना रहा।

शिक्षक दिवस को लेकर विद्यार्थियों में सुबह से ही खासा उत्साह दिखाई दिया। कई स्कूलों में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए। मंच पर विद्यार्थियों ने गुरु के महत्व और अपने जीवन में शिक्षकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे जीवन में सही दिशा चुनने, कठिन परिस्थितियों का सामना करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। भाषण और कविताओं के बाद विद्यार्थियों ने गीत एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों पर परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठे।

उपहार देकर जताया गुरुजनों के प्रति सम्मान

शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कई शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने साथ में केक काटकर खुशियां साझा कीं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से उन्हें पढ़ाई के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के इस स्नेह को आत्मीयता से स्वीकार किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिक्षक दिवस का आयोजन खास अंदाज में हुआ

नगर के जेवीएम स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन खास अंदाज में हुआ। यहां शिक्षक पुरानी परंपरा को जीवित करते हुए सफेद रंग की शर्ट, धोती कुर्ता पहनकर स्कूल पहुंचे, जबकि शिक्षिकाएं भी एक जैसी साड़ी पहनकर समारोह में शामिल हुईं। शिक्षकों का यह अलग रूप विद्यार्थियों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उन्हें उपहार भेंट किए।

विद्यार्थियों ने संभाली समारोह की पूरी कमान

नगर की निजी तरुण पुष्प हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। यहां कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की पूरी कमान संभाली। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर मंच संचालन, शिक्षकों का स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी विद्यार्थियों ने स्वयं निभाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नेतृत्व, टीमवर्क, समय प्रबंधन और जिम्मेदारी जैसे आयोजन प्रबंधन के गुर सीखे। समारोह में संस्था संचालक आर.बी. मालवीय ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सम्मान किया।

शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक संघ ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

टीईटी परीक्षा को लेकर शिक्षकों में नाराजगी, कानून समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राज्य शिक्षक संघ जिला सीहोर द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों पर लागू की जा रही टीईटी परीक्षा के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने शासन एवं विभाग की नीतियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रावधान को शिक्षकों के हितों के विरुद्ध बताया।

राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा थोपना उचित नहीं है। उन्होंने शासन से मांग की कि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उक्त कानून को तत्काल विधानसभा में विधेयक लाकर समाप्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा इस कानून को समाप्त नहीं किया गया तो शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। संघ की ओर से जिले के समस्त शिक्षकों से अपील की गई कि वे किसी भी परिस्थिति में टीईटी परीक्षा का फॉर्म न भरें और संगठन की मांग के समर्थन में एकजुट रहें। इस अवसर पर यशवंत ठाकुर, संजय सिंह जादौन, जागेश्वर भगत, जय सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, चंदर सिंह ठाकुर, रमेश पवार, महेंद्र सोलंकी, चंद्रशेखर वर्मा, रितेश राठौर, दिनेश झाला, रमन तिवारी एवं नरेश गौर सहित पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

नेत्रहीन शिक्षक गोपाल दत्ता समाज के लिए प्रेरणा, संकटों के बीच राह दिखाना ही असली शिक्षक धर्म : राकेश राय

सीहोर। जब जिंदगी में अंधेरा छा जाए, तब दूसरों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाना सबसे बड़ा त्याग और सेवा है। शिक्षक गोपाल दत्ताजी की जीवन यात्रा हम सभी के लिए एक महान प्रेरणापुंज है, जिन्होंने साबित कर दिया कि परिस्थितियां शरीर को सीमित कर सकती हैं, लेकिन अटूट संकल्प और हौसले को नहीं।

ये बात पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने शिक्षक दिवस के अवसर कही। पूर्व नपा अध्यक्ष राय ने बढिय़ाखेड़ी स्थित शासकीय



स्कूल में आंखों की रोशनी खोने के बाद भी पूरी निष्ठा से बच्चों का भविष्य संवार रहे शिक्षक गोपाल दत्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया। राकेश राय ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के आगे घुटने टेकने के बजाय अपनी मेहनत से समाज को नई दिशा देने वाले शिक्षक ही सही मायने में राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं।

बढिय़ाखेड़ी स्कूल में दे रहे हैं सेवाएं : बता दें गोपाल दत्ता शहर के बढिय़ाखेड़ी माध्यमिक स्कूल में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। भले ही वे अपनी आंखों से इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते, लेकिन बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का उनका सपना आज भी उनकी आंखों में पूरी चमक के साथ जिंदा है।

कन्या शिक्षा परिसर सीहोर में मनाया गया शिक्षक दिवस

सीहोर। माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटक एवं गीतों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। नाटक के माध्यम से शिक्षक के जीवन में महत्व, उनके समर्पण तथा विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं, मधुर गीतों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का संचार किया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सम्मान में सुंदर विचार एवं भावपूर्ण संबोधन प्रस्तुत किए। छात्राओं द्वारा शिक्षकों को उपहार भेंट कर उनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के प्रति विद्यार्थियों के प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता की भावनाएं स्पष्ट रूप से देखने को मिलीं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीत गाबा, उपप्रबंधक श्री संदीप मौर्य, प्रशासक श्री अशोक त्रिपाठी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। अतिथियों ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं। वे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं सही दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री लोकेश बहादुर सिंह एवं छात्राओं रोशनी और राजनंदनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में हुआ।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, एसडीएम भी हुए शामिल

श्रीकृष्ण की लीलाओं से सजा शबरी कन्या परिसर





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैरुंदा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर लाड़कुई में शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनकी विभिन्न लीलाओं का मंचन कर सभी का मन मोह लिया। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुधीर कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने नृत्य, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्रीकृष्ण की जीवन लीला पर आधारित मंचन के माध्यम से छात्राओं ने भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप और उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को प्रस्तुत किया। परिसर में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह ने छात्राओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेश से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उइके, मंडल संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अर्जुन सिंह सोलंकी, लाड़कुई ग्राम पंचायत सरपंच रूप सिंह वनबारी, जनशिक्षक सूरज सिंह राजपूत सहित अधीक्षिका दुर्गा सैनी, अधीक्षक मोहन लाल जाट और अधीक्षिका रजनी मालवीय मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन गिरजेश गहलोत ने किया। सुनील कुमार मालवीय ने आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में एसडीएम ने राजा शंकर रघुनाथ शाह जनजातीय बालक छात्रावास और रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास का निरीक्षण भी किया। उन्होंने वहां आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में सहभागिता की और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

राधा-कृष्ण और बाल गोपाल के रूप में सजे बच्चों ने मोहा मन, पंचामृत अभिषेक के बाद लगा छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैरुंदा

रात के 12 बजते ही पूरा भैरूंदा 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। मंदिरों में घंटियों की आवाज के बीच भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की घोषणा हुई तो श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बना। भक्तों ने बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक कर नए वस्त्र और आभूषण पहनाए, पालने में विराजमान कर माखन-मिश्री, फल और मिठाइयों का भोग लगाया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आधी रात तक नगर कृष्ण भक्ति में सराबोर नजर आया।

जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। शाम होते ही मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भजन-कीर्तन शुरू हो गए। जैसे-जैसे रात बढ़ी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भीड़ भी



बढ़ती गई। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भगवान के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचे।

घर-घर सजीं बाल गोपाल की झांकियां : जन्माष्टमी पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में घरों और मंदिरों में बाल गोपाल की मनमोहक झांकियां सजाई गईं। कहीं कान्हा को पालने में झुलाते हुए दृश्य बनाए गए तो कहीं गोकुल और नंदगांव की झांकी सजाई गई। रंग-बिरंगी लाइटिंग और फूलों से की गई सजावट ने झांकियों की सुंदरता बढ़ा दी। बच्चों में भी जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह रहा। कई बच्चे राधा-कृष्ण और बाल गोपाल की वेशभूषा में नजर आए। उनकी मासूम अदाओं और आकर्षक वेशभूषा ने हर किसी का ध्यान खींचा।

खाटूश्याम मंदिर में हुआ विशेष आयोजन

नगर के खाटूश्याम मंदिर में भी जन्माष्टमी पर विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। लड्डू गोपाल का आकर्षक श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की गई। इसके बाद उपस्थित भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। जन्मोत्सव के दौरान देर रात तक मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को जन्माष्टमी की बधाई दी। कई घरों में परिवार के सदस्यों ने एक साथ पूजा-अर्चना कर कान्हा का जन्मोत्सव मनाया। मंदिरों में देर रात तक भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। प्रमुख मंदिरों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की निगरानी में गश्त करती रही।

घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए

5 राज्यों में चोरियां करने वाली बागरिया गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार, जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





बागरिया गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गैंग मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में चोरी की वारदातें करता हे। आरोपियों के पास से करीब 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर मिले हैं। गैंग के चार अन्य आरोपी फरार हैं। एसपी विनोद कुमार मीना ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस से रूबरू होकर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को कोतवाली थाना क्षेत्र की हाउसिंग कॉलोनी में चोरी हुई थी। बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। दो अलमारियों से करीब 20 हजार नकद और सोने-चांदी के पुराने जेवर चोरी किए गए थे। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। इसके बाद पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 17 चोरी की घटनाओं के बारे में जानकारी दी है। इनमें इंदौर, रतलाम, आगरा, राजसमंद, नाथद्वारा, उदयपुर, मालेगांव, धुलिया, दिल्ली और गुरुग्राम की वारदातें शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, गैंग के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते थे। इसके बाद घर के लोगों से संपर्क करते थे। कभी पानी मांगने तो कभी कोई सामान रिपेयर करने के बहाने घर में घुसते थे। इस दौरान वे घर की स्थिति, परिवार की दिनचर्या और सुरक्षा की जानकारी लेते थे। इसके बाद मौका देखकर ताला तोड़ते और चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। इसके अलावा दो टॉमी, एक इलेक्ट्रॉनिक कटर, दो ग्लव्स और एक प्लास्टिक प्लास भी मिला है। पुलिस के मुताबिक, इनका इस्तेमाल चोरी में किया जाता था।

चार आरोपियों पर 27 केस दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गैंग के चार आरोपियों के खिलाफ राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में कुल 27 केस दर्ज हैं। शिवराम उर्फ हनुमान पर 16 केस दर्ज बताए गए हैं। इनमें इंदौर, दिल्ली, उदयपुर, भिनाय, गुलाबपुरा और केकड़ी समेत कई जगहों के मामले शामिल हैं। उमराव पर पांच, जबकि सांवरा और सूरज पर तीन-तीन केस दर्ज बताए गए हैं।

दो गिरफ्तार, चार आरोपी फरार

आरोपियों में शिवराम उर्फ हनुमान पिता लादूराम बागरिया, निवासी देवरिया कलां, अजमेर और कालूराम पिता रतनलाल बागरिया, निवासी चंपानेरी, अजमेर शामिल हैं। फरार आरोपियों में सांवरा पिता रमेश बागरिया, सूरज पिता रमेश बागरिया और मदनबौदिया उर्फ सांवरा, निवासी अजमेर जिले के अलग-अलग गांव शामिल हैं। उमराव, निवासी कोटिया, भीलवाड़ा और वर्तमान में विजयनगर, ब्यावर में रहने वाला आरोपी भी फरार बताया गया है। एसपी के मुताबिक, फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनसे पूछताछ के बाद चोरी की अन्य वारदातों और चोरी के माल के बारे में जानकारी मिल सकती है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से करीब 20 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। अब पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ चोरी की दूसरी वारदातों और बाकी माल की बरामदगी पर जांच कर रही है।

शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवास/देवड़ा

भवन कॉन्वेंट हाई स्कूल, रेवास देवड़ा में शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलसी जोशी एवं विशिष्ट अतिथि चेतन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक शैलेंद्र नागर तथा प्राचार्य रचना नागर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय में पूर्व में आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु के महत्व, अनुशासन एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। समारोह ने विद्यालय परिवार में गुरु-शिष्य के सम्मान और आत्मीयता को और अधिक मजबूत किया।

मंदसौर में सजेगा साहित्य और संस्कृति का महाकुंभ

मंदसौर। साहित्य, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का पावन महायज्ञ 'मालव श्री अलंकरण समारोह एवं हिंदी महोत्सव' रविवार को मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों के साहित्यकार लेखक और कवि शामिल हो रहे हैं। यह जानकारी आयोजन समिति अध्यक्ष एवं साहित्यकार मोहित गोस्वामी ने देते हुए बताया कि दशपुर साहित्य मंच (मालव प्रांत, म.प्र.) तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस षष्ठम अलंकरण समारोह का मुख्य संकल्प गोष्ठियाँ जीवंत रहें सदा रखा गया है।

'मालव श्री अलंकरण व हिंदी महोत्सव' का आज आयोजन

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा (जबलपुर) के संस्थापक कवि और साहित्यकार संगम त्रिपाठी, प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि एवं विचारक रामवल्लभ गुप्त 'इन्दोरी', स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे, उज्जैन के वरिष्ठ कवि डॉ. राजेश रावल, जन परिषद संस्था के प्रांतीय सह सचिव पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल मंदसौर तथा प्रेस क्लब संरक्षक बृजेश जोशी मंदसौर मंचासीन अतिथि रहेंगे। इसके अलावा विशेष मेहमानों (पाहुणा) के रूप में इंदौर से कवि अतुल ज्वाला, देवास से कवि कुलदीप रंगीला, प्रतापगढ़ से कवि विजय विद्रोही, बेगू से कवि अजय हिंदुस्तानी तथा भीलवाड़ा से कवि राजगोपाल मुमल अपनी रचनाओं की छटा बिखेरेंगे। मोहित गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि साहित्य महायज्ञ के लिए प्रतिभागियों के नियम बनाए गए हैं और विगत छह वर्ष से आयोजित कार्यक्रम में इनका पालन किया जा रहा है कवियों साहित्यकारों की रचनाओं की मौलिकता अनिवार्य है केवल स्वयं की मौलिक एवं स्वनिर्मित रचनाओं का पाठ स्वीकार्य होगा। फिल्मी गीत, भजन या अनुकरण पूरी तरह प्रतिबंधित है। तथा प्रत्येक रचनाकार को अधिकतम 4 मिनट का समय मिलेगा।

शिक्षक दिवस पर भोपाल में हुआ राज्य शिक्षक पुरस्कार सम्मान

सरकारी स्कूल की तस्वीर पर शिक्षक राकेश गुप्ता ने रची सफलता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में भी यदि शिक्षक समर्पण, नवाचार और समुदाय के सहयोग के साथ कार्य करे, तो सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा की तस्वीर बदली जा सकती है। इसका जीवंत उदाहरण है शासकीय प्राथमिक शाला चीताखेड़ी, विकासखंड मल्हारगढ़ (जिला मन्दसौर), जहाँ नवाचारी शिक्षक राकेश गुप्ता के सतत प्रयासों ने विद्यालय को जिले और प्रदेश में नई पहचान दिलाई है। राकेश गुप्ता ने बताया कि जब उनकी पदस्थापना विद्यालय में हुई तब संसाधनों का अभाव था और परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण थीं। उन्होंने उपलब्ध स्थानीय संसाधनों, जनसहयोग और रचनात्मक सोच के माध्यम से विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण एवं टीएलएम के प्रभावी उपयोग की शुरुआत की। वेस्ट सामग्री से शिक्षण-सहायक सामग्री तैयार की गई तथा कक्षाओं को प्रिंट-रिच वातावरण में विकसित किया गया, जिससे बच्चों की सीखने में रुचि और सहभागिता लगातार बढ़ी।

मंदसौर जिले को प्रथम स्थान दिलाने में भूमिका निभाई

विद्यालय के पुस्तकालय को बच्चों की रुचि के अनुरूप विकसित किया गया। कहानी, ज्ञानवर्धक और प्रेरक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की आदत और जिज्ञासा विकसित हुई। साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाकर बच्चों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की देखभाल में भी अभिभावकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय में किए गए नवाचारों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली। राकेश गुप्ता ने मिशन अंकुर की अभ्यास पुस्तिका, पुस्तक लेखन तथा कक्षा 5वीं से 8वीं तक की एडग्रेड पुस्तकों के निर्माण में योगदान दिया। उन्हें राज्य एवं संभाग स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का अवसर भी प्राप्त हुआ। शैक्षणिक नवाचारों के कारण उन्हें एनसीईआरटी, नई दिल्ली में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। वहीं जी20 कॉन्क्लेव, भोपाल में आयोजित टीएलएम प्रदर्शनी में सहभागिता कर मन्दसौर जिले को प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि गाँव का एक भी बच्चा निजी विद्यालय में अध्ययन नहीं करता। सभी अभिभावक अपने बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला चीताखेड़ी में ही पढ़ाना पसंद करते हैं। यह विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचारों और समुदाय के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

राकेश गुप्ता का कहना है कि इस पूरी यात्रा में बच्चों की मेहनत, अभिभावकों का विश्वास, समाज का सहयोग, वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन और मीडिया का प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा है। उनका मानना है कि शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि तब होती है, जब बच्चे अपने विद्यालय से जुड़ाव महसूस करें, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करने का साहस विकसित करें. किए गए कार्यों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026 राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह , विश्वाश सारंग , डॉ कुंवर विजय शाह द्वारा 5सितम्बर 2026 शिक्षक दिवस पर भोपाल मे सम्मानित किया ।

पर्युषण पर्व में श्रावक-श्राविकाएं धर्म के प्रति समर्पित रहें : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पर्युषण पर्व में आराधना भवन जैन मंदिर में धार्मिक गतिविधियां होंगी

मंदसौर। आराधना भवन जैन श्रीसंघ अध्यक्ष दिलीप रांका, ट्रस्ट अध्यक्ष महेश जैन तहलका ने बताया कि पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व दिनांक 8 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे है। 8 दिवसीय पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के अंतर्गत श्रीसंघ व ट्रस्ट के द्वारा नई आबादी स्थित श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में विविध धार्मिक गतिविधियां आयोजित होगी। मंदसौर में चातुर्मास हेतु विराजित आचार्य श्री हेमचंद्रसूरिश्वरजी म. सा. के समुदाय शिष्य श्री विरल विजयजी म. सा. आदि ठाणा 2 व साध्वी श्री शीलरेखा श्रीजी म. सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में दिनांक 8 सितम्बर से 15 सितम्बर तक 8 दिनों में आराधना भवन जैन मंदिर में प्रातः 9 से 10.30 बजे तक विशिष्ट प्रवचन होंगे। पर्युषण पर्व के चतुर्थ दिवस 11 सितंबर को कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन प्रारंभ होगा जो कि संवत्सरी पर्व के एक दिन पूर्व तक होगा। दिनांक 12 सितम्बर को प्रभु महावीर का जन्मवाचन महोत्सव मंदिर परिसर में मनेगा। मुनिराज प्रभु महावीर का जन्मवाचन प्रसंग श्रवण कराएंगे। जन्मवाचन के पश्चात पारणाजी का जुलूस भी निकलेगा। दिनांक 15 सितम्बर को संवत्सरी पर्व मनेगा। प्रवचन समय में मुनिराज बारसा सूत्र का वाचन करेंगे। इस दिन सभी श्रावक-श्राविकाएं उपवास रखकर संवत्सरी पर्व की तपस्या करेंगे। 16 सितम्बर को संवत्सरी पर्व का उपवास करने वाले तपस्वी पर्युषण पर्व में अठाई, तेला आदि तप करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का पारणा होगा। पर्युषण पर्व में प्रतिदिन सायं 7 बजे से प्रतिक्रमण होगा। महिलाओं का प्रतिक्रमण मंदिर परिसर के हॉल में तथा पुरुषों का प्रतिक्रमण आराधना भवन के हॉल में होगा। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक मंदिर परिसर में प्रभुजी की भक्ति होगी।

जैन धर्म व दर्शन में पर्युषण पर्व की विशिष्ट महत्ता है। पर्युषण पर्व में की गयी धर्म आराधना विशिष्ट फल प्रदान करती है। श्रावक-श्राविकाओं को पर्युषण पर्व में सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, पौषध एवं तप-तपस्या करे। पर्युषण पर्व के 8 दिवस में व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान देने की बजाय धर्म आराधना, तप-तपस्या पर ध्यान देवें।

उक्त उद्गार मुनिराज प्रत्यक्षरत्नविजय म.सा. की उपस्थिति में राजेन्द्र विलास जीवागंज में आयोजित धर्मसभा में मुनिराज पवित्ररत्नविजय म.सा. ने कहे। शनिवार को यहा धर्मसभा में कहा कि पर्युषण पर्व आत्मा के उत्थान का पर्व है। हम सब भी पर्युषण पर्व के 8 दिवस में अद्भुत धर्म आराधना करे। श्रावक-श्राविकाओं के 5 दैनिक कर्तव्य व 11 वार्षिक कर्तव्य जो जैन आगमों में बताये गये है उन्हें समझे। शास्त्र के वाचन को पूरा श्रवण करने का प्रयास करे। पर्युषण पर्व के 8 दिवस में छोटी-अद्भुत धर्म आराधना हो किस प्रकार पुण्य कर्म अर्जित करे। पर्युषण पर्व में भी तप-तपस्या करो तो इससे हमारा जीवन आत्म उद्धार की ओर अग्रसर होगा। आपने कहा कि पर्युषण पर्व में क्रोध का बिल्कुल त्याग होना चाहिये। जीवन में हमारे समता भाव आवे इसका प्रयास करे। पर्युषण पर्व में धर्म में कोई ढिलाई नहीं हो। हमारा संघ राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. व पूण्य सम्राट जयंतसेन सूरिश्वरजी का संघ है है हम उनकी गौरवमयी परम्परा के अनुरूप धर्म आराधना व तप-तपस्या करे। आपने कहा कि 8 दिवस के पर्युषण पर्व के दौरान अहिंसा का पूरा पालन हो, घर परिवार में या बाहर किसी भी जीव की विरादना नहीं हो, इसके लिये जो भी नियम जैन आगमों में बताये है उन्हें पूरा करे। आपने कहा कि पर्युषण पर्व के 8 दिवस में पौषध करे तथा अपना पूरा समय स्वाध्याय करते हुए करे, निर्वहन करे। धर्मसभा में बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित थे।

वानर की करंट लगने से मौत, विधि विधान से दाह संस्कार किया



भानपुरा/ मंदसौर। शनिवार सवेरे पंजाबी कॉलोनी में विद्युत तार के संपर्क में आने से वानर की मौत हो गई। इस पर कुछ विभागों से संपर्क किया जाता रहा परंतु काफी समय तक ध्यान नहीं दिए जाने के बाद विधि विधान से वानर का दाह संस्कार किए जाने के लिए श्री सनातन धर्म मंडल की युवा इकाई सामने आई एवं अध्यक्ष विनोद गौड़, जयेश राठौर, राहुल माली, विकास माली, लक्की राठौर तथा रवि पांउनडिया ने वानर राज की हाथ ठेले में यात्रा निकाली एवं छोटे महादेव मार्ग स्थित श्मशान घाट पर वानर राज का विधि विधान से दाह संस्कार किया गया।

हाजियों का इस्तकबाल किया, सआदत-ए-हज पर दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



कदम-ए-रसूल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बिलाल मस्जिद, मंदसौर में हज यात्रा से लौटे हाजियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फ़रीज़ा-ए-हज की सआदत हासिल कर लौटे हाजियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें मुबारकबाद दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो इंसान को सब्र, त्याग, इख़लास, तौबा और अल्लाह की बंदगी का संदेश देता है। हाजियों का सम्मान करना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि मेहमानान-ए-हरम के प्रति आदर और सआदत-ए-हज की तकरीम का प्रतीक है। कार्यक्रम में हाजियों के लिए विशेष दुआएं की गईं तथा उनके हज के मुकद्दस सफर के अनुभवों को भी साझा किया गया। उपस्थित लोगों ने अल्लाह से दुआ की कि सभी हाजियों का हज-ए-मबरूर कबूल हो और उनकी इबादतों की बरकत से समाज में अमन, भाईचारा और मोहब्बत कायम रहे। कदम-ए-रसूल चैरिटेबल ट्रस्ट की इस पहल को दीनी रिवायतों के संरक्षण तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय प्रयास बताया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष शादाब खान, सचिव सैलानी अब्दुल कादर मंसूरी एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मंदिरों में हर्ष उल्लास के साथ मना कृष्ण जन्मोत्सव

सारंगपुर। कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा के साथ लड्डू गोपाल का अभिषेक पूजन किया गया। वही राधा कृष्ण मंदिर रंगेरवाडी,कृष्ण कला मंदिर पटवावाडी,राधा कृष्ण मंदिर सोनी समाज, राधा कृष्ण मंदिर राठौर समाज, चतुर्भुज नारायण मंदिर,बिट्ठल मंदिर पंडितवाडी सहित नगर के विभिन्न देवालयों में कृष्ण जन्मोत्सव पर महाआरती एवं पूजन किया गया।मंदिरों में आरती के बाद आल की के पालकी जय कन्हैया लाल की, नारे से मंदिर गुंजायमान हो उठे,बारिश के कारण श्रद्धालु एक मंदिर से दूसरे मंदिर जाने में पानी से बचते हुए निकले लेकिन पानी ने अपनी रफ्तार कम नहीं की वही जन्माष्टमी के पर्व को देखते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी द्वारा पुलिस बल लगाया गया ।कुछ मंदिरों में दही मिश्री की प्रसाद वितरित की गई ।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गांधी चौराहे पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया था। प्रतियोगिता में शहर और ग्रामीण इलाकों से 8 टीमों ने हिस्सा लिया। टीमों ने मटकी फोड़ने के कई प्रयास किए, लेकिन देर रात तक हाथ से मटकी नहीं फोड़ पाए। मटकी करीब 40 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई थी। बाद में इसे घटाकर करीब 30 फीट तक लाया गया। इसके बावजूद रात 12 बजे तक कोई टीम मटकी नहीं फोड़ पाई। खिलचीपुरा की बजरंग व्यायामशाला और कल्याखेड़ी की टीम ने चौथी मंजिल तक मानव पिरामिड बनाया। इससे दर्शकों में काफी रोमांच बढ़ गया। हालांकि बालागंज की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। बाद में रात12.30 बजे एक टीम ने मटकी फोड़ दी।इस कार्यक्रम को देखने के लिए गांधी चौराहे पर हजारों लोग देर रात तक मौजूद रहे। आयोजकों के मुताबिक, करीब 10 हजार लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। पूरा गांधी चौराहा दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।

एडवांस्ड किड्स एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया



जीरापुर। एडवांस्ड किड्स एकेडमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुरुआत विद्यालय के निदेशक गिरिराज गुप्ता ,प्राचार्य ई के जोशी, शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन, प्री-प्राइमरी इंचार्ज ममता चौहान द्वारा राधा-कृष्ण का पूजन करके की गई। विद्यालय के कक्षा 12 की विद्यार्थी मानवी गुप्ता द्वारा अपने भाषण में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर बताया कि कृष्ण ने बाल लीलाओं के माध्यम से ही असुरी शक्तियां को समाप्त किया। तत्पश्चात विद्यार्थी समूह द्वारा एक सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया । प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा धारण करके कार्यक्रम को सुशोभित कर रहे थे। तथा उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अलग-अलग समूहों द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर मटकी फोड़ी। प्राचार्य ई के जोशी ने कहा कि विधालय निरंतर रूप से विधार्थियों को मोटीवेट कर हर गतिविधि से सर्वांगिन विकास की ओर अग्रसर कर रही है।

दशपुर विद्या मंदिर में टीचर्स डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था दशपुर विद्या मंदिर किटयानी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का स्वागत तिलक लगाकर व माला पहनाकर किया साथ ही विद्यार्थियों ने सुंदर कार्ड भी भेंट किए। माँ शारदा और डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। छात्रा सुहाना और फातिमा ने शिक्षकों के ऊपर अपने विचार व्यक्त किए और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इसअवसर पर शिक्षकों के लिए विभिन्न खेल आयोजित किये गए विजेता शिक्षक को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शिक्षकों पर कविता गीत प्रस्तुत किए गए।

कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

चांचौड़ा। छात्राओं ने फोड़ी मटकीचाचौड़ा। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर उन्हें लड्डू, फल एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रो. नीलू एवं श्री व्यास ने 'कर्म ही पूजा है' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कर्म के महत्व और जीवन में अच्छे कार्यों की प्रेरणा दी।

खबर संक्षेप

अरनिया राम में मनाया शिक्षक दिवस



जावर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरनिया राम में विद्यार्थियो द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से शिक्षक दिवस मनाया गया बच्चो ने सभी शिक्षकों का सम्मान कर उन्हे प्रतीक चिन्ह भेंट किए, व शिक्षकों ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन हुआ कार्यक्रम

आष्टा। संसार में सभी द्रव्यों के गुण अलग-अलग हैं। प्रत्येक वस्तु और जीव का अपना स्वभाव एवं गुण है। मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो बंधेगा, वही छूटेगा, इसलिए संसार के बंधनों से मुक्त होने के लिए आत्मचिंतन और धर्म के मार्ग को अपनाना आवश्यक है। मुनिश्री ने यह विचार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर स्थित आचार्य विद्यासागर धर्म सभागार में आयोजित धर्मसभा में आशीष वचन देते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसी देश को सुचारु रूप से चलाने के लिए कुछ प्रमुख व्यवस्थाएं और जिम्मेदार व्यक्ति होते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक की भी देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी होती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र और समाज के प्रति जागरूक रहना चाहिए। समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र जैन धर्म के तीन रत्न हैं। इन तीनों को मोक्ष प्राप्ति का साधन बताया गया है। इन तीन रत्नों में सबसे पहले सम्यक दर्शन को प्रकट करना आवश्यक है।

दो विभागों के बीच अटका एक किमी का रास्ता, आए दिन हो रहे हादसे

जिम्मेदार कौन! ग्राम पंचायत और पीडब्ल्यूडी विभाग जर्जर मार्ग को नहीं मानता है अपना



ग्रामीण कई बार दर्ज कर चुके शिकायत, फिर भी पंचायत दे रही ध्यान न विभाग और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

सिद्धिगंज-नीलबड़, आष्टा रोड पर सिद्धीकगंज पार्वती नदी पुल से गैस गोडाउन रोड तक लगभग 1 किलोमीटर का रोड पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है पार्वती नदी पुल के पास रोड की बहुत ही खराब स्थिति है आए दिन रोड पर वाहन चालक गिर रहे हैं वह दुर्घटनाएं हो रही है पुर रोड पर कीचड़ हो रहा है जिस कारण वहां ना तो घाटी चढ़ पा रहा है ना ही वाहन नीचे उतर पा रहे हैं

यात्रियों की जान से खिलवाड़

शनिवार सुबह बस सवारी से लबालब भरी हुई थी। जब बस सिद्धिगंज पार्वती नदी पुल के पास से नीलबड़ आष्टा रोड जा रही थी जब घाटी पर अत्यधिक मात्रा में कीचड़ एवं घाटी उबड़ खाबड़ होने के कारण बस साइड में बनी नाली में उतर गई। बस के अंदर लगभग 40 से 50 सवारी मौजूद थी। रोड पर फिसलन व कीचड़ होने के कारण बस नाली में जाकर धस गई। बस चालक द्वारा बस को समय पर नियंत्रित कर लिया गया। अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। बस सवारी से फूल भरी हुई थी। बस को ग्रामीण व जेसीबी की सहायता से नाली से बाहर निकला गया। दर्जनों से अधिक लोग प्रतिदिन वाहन अनियंत्रित होने के कारण इस रोड पर गिर रहे हैं। और उन्हें कई बार चोट आती है।

कई वाहन हो चुके दुर्घटना का शिकार

वही इस रोड पर कई बार ट्रैक्टर ट्राली एवं चार पहिया वाहन पलटी खा चुके हैं। कुछ दिन पहले ही गिट्टी से भरा डंफर पलटी खा गया था। जिसे जेसीबी व ट्रैक्टर की मदद से नाली से बाहर निकला गया था। 3 से 4 महीने पहले किसान ओम प्रकाश वर्मा अपनी प्याज की फसल ट्रैक्टर में भरकर बेचने मंडी ले जा रहे थे। तभी वही रोड खराब होने के कारण प्याज से भरी ट्राली पलटी खा गई थी। जिसमें किस को काफी नुकसान हुआ था कई बार घाटी पर वहां पलटी खा चुके हैं जिसमें जिम्मेदारी सुर कोई ध्यान नहीं दे रहे। किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वही छोटे चार पहिया वाहन व दो पहिया वाहन रोड पर घाटी ही नहीं चढ़ पाते हैं। रोड पर हमेशा ही कीचड़ व पानी बहता रहता है।

पंचायत व पीडब्ल्यूडी के बीच उलझा मार्ग

जब इसकी शिकायत ग्राम पंचायत में की जाती है तो ग्राम पंचायत के कर्मचारी बताते हैं कि यहां रोड पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आता है। जब ग्रामीणों द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से बात करते हैं तो वहां बताते हैं कि यहां रोड ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। इसी प्रकार से यहां सिलसिला कई साल से चला आ रहा है। दोनों विभागों के बीच यहां रोड अटका पड़ा है। जिसका खामियाजा आम जनों को उठाना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा विधायक, जिला कलेक्टर व अन्य विभाग के अधिकारी, आष्टा जनपद पंचायत, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को भी ग्रामीण कई बार शिकायत दर्ज कर चुके हैं। फिर भी जिम्मेदारी इस और कोई ध्यान नहीं देर हे।

ग्रामीणों मे आक्रोष

ग्राम के राजेंद्र वर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र धरवा, धर्मचंद सोनी, दीपक राठौड़ अनिल राठौर, घनश्याम बागवान, राधेश्याम वर्मा, लक्ष्मी नारायण बागवान, रेवाराम पटवा, नंदकिशोर बागवान, मनोज वर्मा, सुंदरलाल वर्मा, गोलू बागवान आदि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा इस रोड को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं। फिर भी इस रोड की सूद लेने वाला कोई भी नहीं है। यहां रोड आष्टा के लिए जाता है, प्रतिदिन वाहन चालक इस रोड पर गिर रहे हैं। जिसमें उन्हें कई बार तो अत्यधिक मात्रा में चोट भी आती है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम सिद्धि गज में लगने वाले जन विश्वास अभियान मैं आवेदन देकर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी को रोड़ की स्थिति बताएंगे। यहां रोड ग्राम का मुख्य रोड है इसमें प्रतिदिन वाहनों का आवागमन लगा रहता है।

विभाग को देंगे निर्देश

मुझे इसकी जानकारी नहीं है, मैं विभाग से बोलकर जल्द दिखवाता हूं और जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया जाएगा।
महेंद्र प्रताप सिंह किरार, अनुविभागी अधिकारी आष्टा

विधायक ने गांव पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ग्राम पंचायत लसुडलिया विजय सिंह पंचायत अंतर्गत ग्राम नानकपुर पहुंच कर आम जन से रूबरू हुए। सभी ग्रामीण जनों व कार्यकर्ताओं से संवाद कर विधायक ने समस्याओं को सुना व यथा संभव निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

ग्रामीण जनों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ढोल धमाके हार फूलमाला पहनाकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान किया वही विधायक जी द्वारा ग्राम पंचायत को आश्वासन दिलाया कि आपकी ग्राम पंचायत में कोई कमी नहीं आने दूंगा। आपके सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि बहुत ही सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। मैं इन्हें निराश नहीं होने दूंगा। आप लोगों की मांगो को बहुत जल्द पूर्ण करूंगा। सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी ने कहा कि मुझे विधायक जी से आशाही नहीं पूर्ण विश्वास है किसमस्याओं का निराकरण जल्दी ही होगा। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, हुकुमचंद कुशवाहा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवकरण सिंह पडियार, नाथूराम पटेल, लक्ष्मण सिंह पटेल, खुशी लाल पटेल, सुखराम धनगर, पूरन सिंह कुशवाह, सुरेश धनगर, गंगाराम, पूर्व सरपंच भारत सिंह, जय सिंह, यशवंत सिंह, मिश्रीलाल, श्रवण सिंह, महेश महेश्वरी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

एसडीओपी के आश्वासन के बाद निरस्त किया थाने का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिद्धीकगंज थाने में पुलिसकर्मियों पर गाली-गलौज एवं मारपीट के लगाए गए आरोपों को लेकर प्रस्तावित थाना घेराव को एसडीओपी दामोदर गुप्ता के आश्वासन के बाद निरस्त कर दिया गया। आंदोलनकारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी ने मामले में जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


मामले को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह एवं हेमंत सिंह, ग्राम खाचरोद निवासी ने पुलिस अधीक्षक सीहोर को 4 सितंबर को आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन में आरोप लगाया गया कि 1 सितंबर की शाम एक वाहन में गाय माता को वध के लिए ले जाने की सूचना पुलिस चौकी पर दी गई थी। शिकायतकर्ताओं के अनुसार सूचना पर कार्रवाई नहीं होने के बाद उनकी टीम ने वाहन का पीछा किया और वाहन में मौजूद लोगों से गायों को उतारकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए कहा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि वाहन चालक ने चलती गाड़ी से गायों को उतार दिया और वाहन लेकर भाग गया। इसके बाद शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वाहन की तलाश के दौरान पुलिस ने एक अन्य स्थान से वाहन को पकड़ा। आवेदन में पुलिसकर्मियों द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट करने तथा बिना पूछताछ के कुछ कार्यकर्ताओं को थाने ले जाने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं ने मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा दर्ज प्रकरण को निरस्त करने की मांग की थी।

इसी मांग को लेकर 5 सितंबर दोपहर 12 बजे सिद्धीकगंज थाने के घेराव की घोषणा की गई थी। घेराव की सूचना के बाद पुलिस अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से चर्चा की। एसडीओपी दामोदर गुप्ता द्वारा मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रस्तावित थाना घेराव निरस्त कर दिया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के आधार पर फिलहाल आंदोलन नहीं किया जाएगा। यदि मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती है तो आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कोठरी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई तथा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की गई। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। रात्रि 12 बजे भगवान के जन्म के साथ ही मंदिरों में भय प्रकट कृपाला दीन दयाला सहित भजनों का गायन हुआ। ग्राम गवाखेड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उदय लक्ष्मी गौशाला में गौ पूजन किया गया। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान सरपंच धर्मेंद्र ठाकुर, सचिव नीरज प्रजापति सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद लिया।जन्माष्टमी पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्तिमय माहौल रहा। ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की।



कृष्ण जन्माष्टमी पर गोशालाओं में किया गो-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बलराम जयंती व श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासन के निर्देशानुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जनपद पंचायत आष्टा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं के प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल गोशाला परिसर की साफ-सफाई, गौ-पूजन, गो-संरक्षण एवं गौवंश की सेवा से संबंधित गतिविधियों के साथ पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। ग्राम पंचायत मेहतवाड़ा स्थित मधुसूदन गोशाला में सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, ग्राम पंचायत सचिव केशर सिंह ठाकुर, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत गो-पूजन किया। इसके साथ ही गोशाला में स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। सी प्रकार ग्राम पंचायत खजुरिया जावर, डोडी, धुराड़ा कला, गोपालपुर एवं झरखेड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं में भी जन्माष्टमी के अवसर पर उत्साह एवं श्रद्धा के साथ गो-पूजन, गो-संरक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।



शिक्षक दिवस पर किए संस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल में शिक्षक दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के मार्ग दर्षक द्वारा छात्र/छात्राओं को अपने संबोधन मे कहा गया की शिक्षक ज्ञान का भंडार होते है जो अपने ज्ञान रूपी भंडार से बच्चो का उज्जवल भविष्य और विकास कराते है। संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा की अध्यापक एक दीपक की तरह होते है, जो ज्ञान रूपी प्रकाश से बच्चों का अंधकार को उनके उज्जवल भविष्य को निखारते है। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति पर संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्षक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर व समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, रितेश जेलवाल, निर्मला सारसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, रूपाली ठाकुर, कनक सेन, अपेक्षा पोरवाल, नैना मालवीय, पूजा परमार, सोनम गुप्ता, रीना परमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शपथ विधि और पदारोहण समारोह आज

आष्टा। सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने वाली संस्था श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप वीर का शपथ विधि एवं पदारोहण समारोह रविवार, 6 सितंबर को आष्टा-मुगली रोड स्थित उमराव मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया है। समारोह में ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मनोहर लोढ़ा, राष्ट्रीय महासचिव मनोज जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पदम छलानी, राष्ट्रीय ग्रुप विस्तार कमेटी अध्यक्ष नीलेश पोखरना तथा अवंतिका रीजन के प्रदेशाध्यक्ष अभय जैन की विशेष उपस्थिति रहेगी। ग्रुप के सचिव राकेश-कविता सोनी ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए गठित नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण एवं शपथ विधि समारोह दोपहर 2 बजे से उमराव मैरिज गार्डन में होगा।

संदीपनि विद्यालय मे मना शिक्षक दिवस, शिक्षकों का किया सम्मान

छात्रों की छिपी प्रतिभा को निखारते शिक्षक: मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शिक्षक दिवस के अवसर पर संदीपनि विद्यालय मे शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जिलाध्यक्ष पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, प्राचार्य मोहम्मद सितवात खान, डॉ. स्वरुचिसिंह, अवधेश धारवा, लखन मेवाड़ा, माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित शिक्षकों का पुष्पमाला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को जहाँ व्यवहारिक ज्ञान देते है, वही छुपी हुई प्रतिभा को निखारते भी है। देश के नवनिर्माण मे भूमिका निभाकर विद्यार्थियों मे शिक्षा का संचार कर देश के उज्जवल भविष्य तैयार करने मे अपनी अहम भूमिका निभाते है। जब हम पढ़ते थे तो उसे दौर में शिक्षकों का कड़ा रूप रहता था किंतु आज बदलते आधुनिकता के दौर में शिक्षकों का अपने विद्यार्थी के प्रति प्रेम और दोस्ताना सा व्यवहार है। नपा अध्यक्ष श्री मेवाडा ने यह भी कहा कि शिक्षक एक नारियल की भांति है जो बाहर से कठोर एवं अंदर से नारियल की तरह नरम रहते हैं। एक इंसान को गढ़ने, संवारने और सही राह दिखाने में शिक्षकों का योगदान शब्दों से परे होता है। जैसे कुम्हार माटी को आकार देता है, वैसे ही हमारे शिक्षक चुपचाप हमारे भविष्य की नींव रखते हैं।जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सहित अन्य अतिथिगणों ने शिक्षकों की महत्ता बताते हुए कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन को सही दिशा देने और ज्ञान की रोशनी से संवारने में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। समाज के प्रति आपके इस अनवरत समर्पण और मार्गदर्शन के लिए हम सदैव आपके ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या मे विद्यार्थीगण मौजूद थे।



रिमझिम बारिश की बौछारों के साथ मनाया जन्माष्टमी पर्व, मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की की गूंज के साथ शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे हर कोई जय श्री कृष्णा और राधे-राधे की भक्ति में रमा नजर आया कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखा गया मंदिरों को विशेष साज सजा के साथ सजाया गया मंदिरों में आकर्षक रोशनी भी लगाई गई नगर के प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर में ही श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया वहीं ग्राम बमुलिया रायमल मैं धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी के उपलक्ष में मंदिरों में ही भगवान श्री कृष्ण की झांकी बनाई गई गांव में भगवान श्री कृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की गई वही श्री कृष्ण जन्मोत्सव रात्रि को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया और नगर मैं वह गांव में बड़े ही धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई।